

# कांटाफोड़ वन परिक्षेत्र में वन माफियाओं का राज

**सागवान से धावड़ा तक जारी हरित संहार,**

**कांटाफोड़।** कांटाफोड़ वन परिक्षेत्र में जंगलों की हरियाली पर लगातार कुल्हाड़ियां चल रही हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मानो आंखें मूंदे बैठे हैं। हालात ऐसे हैं कि जंगलों के भीतर बहुमूल्य सागवान, धावड़ा, टेमरु और अन्य प्रजातियों के पेड़ों का सफाया जारी है, जबकि वन विभाग की गश्त और निगरानी व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित नजर आ रही है।पहले धावड़ा के पेड़ों पर केमिकल लगाकर अवैध रूप से गोंद निकालने का मामला सामने आया। मामला उजागर हुआ, तस्वीरें सामने आईं, ग्रामीणों ने शिकायतें कीं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति दिखाई दी। अब पूरे वन परिक्षेत्र में सागवान सहित अन्य बहुमूल्य वृक्षों की कटाई के ताजा प्रमाण सामने आने के बाद विभाग की कार्यप्रणाली कठघरे में खड़ी हो गई है। जंगलों के विभिन्न हिस्सों में ताजा कटे ठूंठ, कुल्हाड़ी के निशान, लकड़ी के अवशेष और घावटी लगे पेड़ साफ दिखाई दे रहे हैं। कई स्थानों पर यह भी संकेत मिले हैं कि पेड़ों को पहले जानबूझकर सुखाया गया और बाद में उनकी कटाई की गई। सवाल यह है कि जब जंगल के भीतर यह सब कुछ हो रहा था, तब जिम्मेदार अमला आखिर कर क्या रहा था? ग्रामीणों और वन क्षेत्र से जुड़े लोगों का कहना है कि वन माफिया पूरी तैयारी के साथ काम करते हैं। पहले पेड़ों को घावटी लगाकर कमजोर किया जाता है, फिर कटाई कर जंगल के भीतर ही



लकड़ी को प्रसंस्कृत किया जाता है और बाद में उसे बाहर पहुंचा दिया जाता है। यह कोई एक दिन का खेल नहीं, बल्कि लंबे समय से चल रही संगठित गतिविधि प्रतीत होती है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि जंगल के भीतर पेड़ों को काटने से लेकर लकड़ी बाहर ले जाने तक की गतिविधियां हो रही हैं तो क्या विभाग को इसकी भनक तक नहीं है? यदि जानकारी नहीं है तो यह गंभीर लापरवाही है और यदि जानकारी है तो मामला और भी गंभीर हो जाता है। वन क्षेत्र में लगातार सामने आ रहे मामलों ने रेंज स्तर की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिन्ह लगा दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई होती तो आज जंगलों में यह स्थिति नहीं बनती। वन माफियाओं के हौसले इतने बुलंद क्यों हैं, यह सवाल अब आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बन चुका है। क्षेत्रवासियों ने पूरे कांटाफोड़ वन परिक्षेत्र का स्वतंत्र और उच्चस्तरीय भौतिक सत्यापन कराने, कटे हुए वृक्षों की वास्तविक संख्या सार्वजनिक करने तथा विभागीय जिम्मेदारी तय करने की मांग उठाई है। लोगों का कहना है कि केवल लकड़ी तस्करों पर कार्रवाई पर्याप्त नहीं होगी, बल्कि यह भी सामने आना चाहिए कि आखिर इतने बड़े स्तर पर जंगलों की कटाई के दौरान जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी क्या कर रहे थे। देवास डीएफओ अमित चौहान ने कहा कि मामले की जांच करवाई जाएगी। यदि कोई कर्मचारी या अधिकारी दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जब जंगलों में कटे पेड़ों के ठूंठ बोल रहे हैं, तब जिम्मेदारों की चुप्पी आखिर क्या छिपा रही है? क्या कांटाफोड़ वन परिक्षेत्र में वन माफियाओं का नेटवर्क विभागीय निगरानी से ज्यादा मजबूत हो चुका है, या फिर जंगलों की इस बर्बादी के पीछे केवल लापरवाही नहीं, बल्कि कुछ और भी है?

**अभियान और जमीनी हकीकत में बड़ा अंतर**

सरकार के एक ओर सरकार पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन और एक पेड़ मां के नाम जैसे अभियान चला रहा है, वहीं दूसरी ओर कांटाफोड़ के जंगलों में वर्षों पुराने बहुमूल्य वृक्ष लगातार कट रहे हैं। करोड़ों रुपये वृक्षारोपण पर खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन मौजूदा जंगलों को बचाने में व्यवस्था विफल दिखाई दे रही है।

## देवास की बालिकाओं का वियतनाम अंतरराष्ट्रीय महोत्सव के लिए चयन

**देवास।** पुणे में आयोजित भारत उत्सव राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता में देवास की बालिकाओं ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 3500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता में देवास की कथक नृत्यांगना अनुष्का जोशी द्वारा संचालित कैशिकी अकादमी ऑफ डांस की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। कथक की सब-जूनियर श्रेणी में राघवी दुबे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि मिशी गुप्ता एवं आर्या शुक्ला ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं मानस्वी कानूनगो ने सीनियर वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त कर संस्था का नाम गौरवान्वित किया। सेमी-क्लासिकल श्रेणी में आर्या जैन ने द्वितीय स्थान अर्जित किया। इसी प्रकार नृत्यांगना अंशिका शितोले द्वारा संचालित कथक कुंज की छात्रा वान्या आदर्श ने कथक सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विशेष उल्लेखनीय तथ्य यह है कि दोनों संस्थाएँ गुरु प्रफुल सिंह गेहलोत घुंघरू नृत्य संगीत महाविद्यालय के मार्गदर्शन में निरंतर प्रगति कर रही हैं और भारतीय शास्त्रीय नृत्य की परंपरा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। प्रतियोगिता में बच्चों द्वारा प्रस्तुत उत्कृष्ट एवं प्रभावशाली प्रस्तुतियों के आधार पर उनका चयन नवंबर माह में वियतनाम में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय महोत्सव' के लिए किया गया है। इस उपलब्धि से देवास सहित पूरे प्रदेश में हर्ष का वातावरण है।

**एक नजर में**

## पुरुषोत्तम मास में सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ

**कन्नौद।** स्थानीय श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर मे पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर दिनांक 17 मई से प्रारंभ सवा लाख श्री हनुमान चालीसा पाठ 15 जून 2026 तक किया जाएगा । समस्त धर्म प्रेमी सज्जनो से परिवार सहित उपस्थित होकर हनुमान चालीसा पाठ करके इस पूनित आयोजन मे सहभागी बनने की अपील मंदिर समिति ने की है यहां विद्वान पंडितो के अनुसार तीन वर्ष मे एक बार अधिक मास आता है जिसे पुरुषोत्तम मास कहा जाता है और इस समय भगवान श्री लक्ष्मी नारायण प्रभु की आराधना पूजन आरती का विशेष महत्व है . और समाज कल्याण के लिए हमेशा धार्मिक कार्यकृम कन्नौद क्षेत्र मे होते रहते है तथा सब संभव हो जाता है प्रभु कृपा से यहां पूर्व मे भी कई आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुए है।

## तापड़िया एवं हाजी रजाक खां बने कांग्रेस मंडलम अध्यक्ष



**लोहारदा/कांटाफोड़।** कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने की दिशा में नई नियुक्तियां की गई हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं देवास जिला प्रभारी विनय बाकलीवाल की सहमति एवं ब्लॉक अध्यक्षों की अनुशंसा पर मनोज तापड़िया को लोहारदा मंडलम अध्यक्ष तथा हाजी रजाक खां सदर को कांटाफोड़ मंडलम अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं कांटाफोड़ मंडलम अध्यक्ष के रूप में हाजी रजाक खां सदर की नियुक्ति का भी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इन दोनों की नियुकि त पर कार्यकर्ताओं एवं इष्ट मित्रों ने बधाई दी।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर दिया नशामुक्ति का संदेश

**बागली।** विश्व तंबाकू निषेध सप्ताह के अवसर पर मैया मनोकामनायेश्वरी नर्मदा मंदिर परिसर स्थित सनातन विचार मंच संस्था में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मां नर्मदा की पैदल परिक्रमा करने वाले परिक्रमावासियों को तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। मंदिर सेवक एवं अन्नक्षेत्र समिति के सदस्य गिरधर गुप्ता ने उपस्थित परिक्रमावासियों को बताया कि तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट तथा अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से शरीर में अनेक गंभीर बीमारियां उत्पन्न होती हैं। उन्होंने धूम्रपान और तंबाकू सेवन से होने वाले कैंसर, श्वास संबंधी रोगों तथा अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए लोगों से इन आदतों को त्यागने का आह्वान किया।गिरधर गुप्ता ने बताया कि मंदिर परिसर में प्रतिदिन आने वाले परिक्रमावासियों को नियमित रूप से नशामुक्ति का संदेश दिया जाता है। उनके सतत प्रयासों और जागरूकता अभियान का सकारात्मक प्रभाव भी देखने को मिल रहा है। अब तक कई परिक्रमावासी तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट एवं अन्य नशीले पदार्थों का सेवन स्वेच्छा से छोड़ चुके हैं। कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालुओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नशे से दूर रहने का संकल्प भी दिलाया गया।

## अगेरा तालाब खोदकर किया जा रहा अतिक्रमण



**सोनकच्छ।** पास के गांव अगेरा स्थित तालाब पर अतिक्रमण की शिकायत कृपालसिंह द्वारा एसडीएम को की गई है। शिकायतकर्ता ने उल्लेख किया कि, शासकीय तालाब की डूब क्षेत्र भूमि पर दो व्यक्तियों द्वारा समतल कर अतिक्रमण किया जा रहा है। यहां पर अतिक्रमणकारियों द्वारा भूमि को समतल कर खेत बनाया जा रहा है। शिकायतकर्ता आगे उल्लेख किया कि, पूर्व तहसीलदार मनीष जैन द्वारा पूर्व में हो रहे इस अतिक्रमण को रुकवाया था। लेकिन अतिक्रमणकारियों द्वारा पुन: अतिक्रमण कर भराव कार्य किया जा रहा है। बारिश का समय नजदीक है। ऐसे में इस अतिक्रमण को रोकना जरूरी ताकि तालाब की सौंदर्यता बनी रहे। मामले को लेकर तहसीलदार नेहा शाह का कहना है कि यह मामला जलसंसाधन विभाग का है। यह आवेदन विभाग की एसडीओ को भेज दूंगी और तालाब की भूमि की नपती कराई जाकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## यूसीसी को लेकर बैठक आज

**देवास।** समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के संबंध में सुझाव एवं विचार प्राप्त करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक बुधवार 03 जून को मल्हार स्मृति मंदिर सभागृह देवास में दोपहर 03.30 बजे आयोजित होगी। बैठक में समिति के सदस्य, सांसद / विधायकगण, जनप्रतिनिधिगण, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, शांति समिति के सदस्यगण, प्रबुद्ध नागरिक एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल होंगे।

# गर्भवती महिलाओं से रुपए लेने वाली वार्ड ब्वॉय निलंबित

**दस्तावेज फाड़ने वाली नर्सिंग ऑफिसर को भी हटाया**

**सोनकच्छ।** नगर के सिविल अस्पताल का निरीक्षण सीएचएमओ सरोजिनी जेम्स बेक ने मंगलवार को किया। जेम्स मुख्य रूप से सोमवार को स्टाफ में हुई तीखी बहस के बाद निरीक्षण करने पहुंची थी। यहां उन्होंने पृथक पृथक रूप से स्टॉफ नर्स व डॉक्टरों के बयान दर्ज किए।

सीएचएमओ बेक ने बयानों के आधार पर नर्सिंग ऑफिसर सीमा वर्मा जिन्होंने शासकीय दस्तावेज कार्यालय में फाड़ा था को हटाकर उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भौंरासा भेजा गया है। वहीं सीएमएचओ ने आगे कार्रवाई करते हुए नर्सिंग ऑफिसर निशा पटेल को भी हटाते हुए उन्हें देवास जिला चिकित्सालय भेजा गया है।

पुरुष स्वास्थ्य अधिकारी महेंद्र शर्मा को हटाकर उनकी मूल स्थापना उप स्वास्थ्य केंद्र जलेरिया भेजा गया है। इसके अलावा सीमा ढेकवार स्टॉफ नर्स की ड्यूटी प्रशासनिक दृष्टि से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भौंरासा लगाई गई थी को पुन: सोनकच्छ अस्पताल भेजा गया है। उधर वार्ड ब्वॉय प्रियंका चौहान की ड्यूटी 20 मई 26 को बीएमओ अनिल राव द्वारा प्रसव कक्ष से हटाकर एएनसी क्लीनिक कक्ष क्रमांक 7 में लगाई गई थी। चौहान ने वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवमानना करते हुए अपने मन से प्रसव कक्ष में ड्यूटी की गई व ड्यूटी के दौरान प्रसूति महिला हितग्राही के परिजन से राशि की अवैध वसूली की गई।

अवैध राशि की वसूली का सत्यापन 24 मई की रात्रि को रोगी कल्याण समिति सदस्यों, बीएमओ व इमरजेंसी ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी के समक्ष राशि लौटाकर किया गया है। इस संबंध में समाचार पत्रों में समाचार प्रकाशित हुआ है। जिससे स्वास्थ्य विभाग एवं सिविल अस्पताल सोनकच्छ की छवि धूमिल हुई है। प्रथम दृष्टया चौहान द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों का उल्लंघन किया गया व शासकीय कार्य के बदले अवैध लेनदेन किया गया।

इसलिए तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है निलंबनकाल में चौहान का मुख्यालय सिविल अस्पताल बागली रहेगा।

## हवा आंधी से ग्लोशाइन बोर्ड गिरा, टीन शेड उड़े



**सोनकच्छ।** नगर सहित क्षेत्र में दूसरे दिन भी तेज हवा आंधी के हल्की बारिश हुई। हवा आंधी की वजह से उत्कृष्ट विद्यालय के अंदर बनी एक बिल्डिंग का चद्दर शेड उड़ गया। वहीं हाईवे पर कई जगह छोटे पेड़ गिर गए। जिसकी वजह से ट्रैफिक प्रभावित हुआ। डाक बंगला स्थित लोनिवि कार्यालय के पास लगा बड़ा ग्लोशाइन बोर्ड गिर गया। इस दुर्घटना में मारुति वैन बाल बाल बच गई। नप दरोगा मुकेश गौतम व उनकी टीम ने रास्ते पर से बोर्ड का मटेरियल हटाकर रोड चालू करवाया। ग्राम रोशनाबाद में तेज हवा आंधी की वजह से गुमटी पलटी खा गई। साथ ही यहां घरों की छत पर लगे चद्दर भी उड़ गए। गांव में आंधी की वजह से कई घरों को नुकसान की खबर सामने आई है। इन सभी घटनाओं में कोई जन हानि नहीं हुई। हवा आंधी की वजह से नगर में करीब साढ़े चार घंटे विद्युत सप्लाई बाधित रहा।

## योग दिवस को लेकर कलेक्टर से मिला प्रतिनिधिमंडल

**देवास।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को भव्य रूप से मनाने के संबंध में दिव्य योग संस्थान के संस्थापक योग गुरु राजेश बैरागी के सानिध्य में संस्थान के एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर ऋतुराज सिंह से मुलाकात कर चर्चा की। चर्चा के दौरान कलेक्टर सिंह ने आयोजन के प्रति सहमति व्यक्त करते हुए बताया कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्टेडियम में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में योग साधकों एवं नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में अनिल राज सिंह सिकरवार, अनूपसिंह जादौन, डॉ. लक्ष्मीनारायण मारु कुमावत आदि शामिल रहे।

## डिप्टी रेंजर को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



**कन्नौद।** वन मंडल देवास अपनी सेवाएँ प्रदान करने वाले अधिकारी केदार कलम वनपाल जो कि विगत कई वर्षों से वनों के हित में अपनी सेवा दे रहे थे । वर्तमान में कन्नौद रेंज में डिप्टी रेंजर के पद पर पदस्थ होकर सेवानिवृत हुए इसी के चलते आज उनकी सेवा समाप्ति के अवसर पर विभागीय अधिकारी कर्मचारीयो ने सियाघाट चेकिंग नाका पर विदाई समारोह का आयोजन रख कर उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए ।शाल श्रीफल भेट कर पुष्पमाला से स्वागत करते हुए सामूहिक सहभोज कर उन्हें शुभकामनाएँ देकर भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।इस अवसर पर रेंज आफ़िसर जाधव साथी संतोष बागवान ,जयनारायण बछानिया ,दिनेश डोडवाल, नमित तिवारी , अजय श्रीवास, राधेश्याम नरगावे राजेश मालवीय ,विनोद साहू सहित अन्य कर्मचारी व सूरक्षा श्रमिक उपस्थित रहे। सेवा निवृत हो रहे डिप्टी रेंजर ने अपने कार्यकाल के दौरान अपने साथियों को अनुभव साझा किये।

# संपूर्ण समर्पण भाव आवश्यक - संत प्रवीणनाथ



**देवास।** श्री दत्त उपासक मंडल के 13 वें सामूहिक श्री गुरु चरित्र वाचन के दूसरे दिन संतश्री प्रवीण नाथ महाराज (श्री रेणुका माता संस्थान ,इंदौर) के प्रवचन हुए। श्री प्रवीणनाथ महाराज ने अधिक मास की उत्पत्ति के बारे में वैज्ञानिक और पौराणिक तथ्यों को श्रोताओं के सम्मुख रखा। आपने बताया कि मलमास ,जिसे अपने नाम से हीनता महसूस हो रही थी ,को भगवान विष्णु ने अपना नाम पुरुषोत्तम दिया और इसलिए अधिक मास को पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है। आपने बताया कि प्राचीन काल में ही सूर्य और चंद्र की गति के आधार पर पंचांग की गणना की जाती रही है। प्रति तीन वर्ष में एक बार अधिक मास आता है। इसमें दान धर्म,पूजा , पाठ ,कथा कीर्तन आदि का अत्यंत महत्व है। पूजा पाठ या नाम स्मरण करने विषयक जानकारी देते हुए बताया कि ये कर्म करते समय ईश्वर के प्रति संपूर्ण समर्पण भाव हो तो कर्म फलीभूत होता है। सामूहिक गुरु चरित्र वाचन जो प्रथम वर्ष केवल 05 वाचकों से प्रारंभ हुआ था ,इस बार तेरहवें वर्ष में 265 वाचक संख्या होने पर संतश्री ने आयोजकों सहित वाचकों का अभिनंदन किया। इस बार भी देवास के अतिरिक्त उज्जैन, इंदौर, कोल्हापुर, बंगलौर, सातारा, पुणे, मुंबई से वाचक पधारे हैं। संत श्री प्रवीणनाथ पानसे का स्वागत प्रमोद सुपेकर ने किया। आभार प्रदर्शन अनिल बेलापुरकर गुरुजी ने व्यक्त किया साथ ही आगामी कार्यक्रमों की जानकारी भी श्रोताओं को दी।

# निगम स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष ने किया नाले की सफाई कार्य का निरीक्षण

**देवास।** आगामी वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल के निर्देश पर निगम स्वास्थ्य समिती अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिह बैस के द्वारा निगम द्वारा की जा रही बडे नालों की सफाई कार्य के अन्तर्गत भोपाल चौराहा से नाहर दरवाजा तक के नाले का निरीक्षण किया गया।



श्री बैस ने बताया कि निगम द्वारा वर्षा पूर्व निगम सीमा क्षेत्र के कच्चे एवं पक्के नालों की सफाई का कार्य निगम द्वारा पोकलेण्ड मशीन, जेसीबी मशीन एवं डम्पर का उपयोग एवं श्रमिकों के माध्यम से किया जा रहा है। जिससे वर्षाकाल मे नागरिकों को जल जमाव जैसी समस्या उत्पन्न नही होगी। महापौर ने निगम की टीम को जिन वार्डो में जल जमाव की स्थिती उत्पन्न होती है वह जगहें चिन्हीत कर पानी निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु कहा। श्री बैस ने बताया कि निगम सीमा क्षेत्र कच्चे नालों की सफाई लगभग पूरी हो चुकी हैं जो शेष रह गये हैं उन्हें शीघ्र सफाई किये जाने हेतु कहा। श्री बैस ने नागरिकों व व्यवसाईयों से अपील की है कि वे नालों मे अमानक पॉलिथीन व अनुपयोगी सामग्री नही डाले जिससे नालों मे जल जमाव की समस्या हो।

# तेज आंधी-बारिश से मूंग की फसल को नुकसान की आशंका

**कांटाफोड़।** तेज हवाओं, धूलभरी आंधी और गरज-चमक के साथ शुरू हुई बारिश करीब एक घंटे तक होती रही। पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से बेहाल लोगों को इस बारिश ने बड़ी राहत दी, वहीं खेतों में पककर तैयार खड़ी मूंग की फसल को लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई है। तेज आंधी के कारण क्षेत्र के कई स्थानों पर पेड़ गिरने की घटनाएं भी सामने आईं। अचानक बदले मौसम के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों ने राहत महसूस की। हालांकि किसानों के लिए यह राहत चिंता के साथ आई। वर्तमान में क्षेत्र के अधिकांश गांवों में मूंग की फसल पककर खेतों में खड़ी है और कटाई की तैयारी चल रही है। ऐसे समय में हुई बारिश किसानों के लिए परेशानी का कारण बन गई है.

## जेल परिसर में गिरा पेड़, जनहानि नहीं

**बागली।** बागली उपज जेल परिसर में जय प्रहरियों एवं जेलर को रहने के लिए 20 आवास बने हुए हैं। 30 वर्ष पूर्व बनी जेल में आरंभ के दिनों में आवास के आसपास पीपल जामुन आदि के पौधे लगाए थे ।जो वर्तमान में मोटे तने वाले भारी भरकम पेड़ बन गए मंगलवार को चली तेज आंधी में जेल परिसर में बने कुछ शासकीय मकानों के सामने वाले पेड़ गिर गए लेकिन गनीमत यहां रही की इन पेड़ों के गिरने के बावजूद भी सभी आवास एवं आवास में रहने वाले कर्मचारी पूरी तरह सुरक्षित रहे यहां रहने वाले परिजनों ने बताया कि यह पेड़ पूरी तरह जड़ से ही उखाड़ कर झुक गए लेकिन किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ बागली उप जेल के जेलर संजय



शर्मा ने बताया कि यह भगवान की कृपा है कि हमारे स्टाफ और उनके परिजनों को कुछ नहीं हुआ। पेड़ प्रहरी प्रेम कर्मा एवं सतीश वर्मा के घर के सामने ही गिरे उस समय उनके परिवार भी घर में ही था।

**एक नजर** | **गायत्री परिवार शाखा देवास का 201वाँ नशा बंदी आयोजन**

# अंतर्राष्ट्रीय तम्बाकू निषेध दिवस पर गायत्री परिवार की नशाबंदी हुंकार

**देवास ।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में देशभर में गायत्री परिवार की शाखाओं द्वारा 31 मई को अंतर्राष्ट्रीय तम्बाकू निषेध दिवस पर जोश और उमंग के साथ नशाबंदी आयोजनों के विविध कार्यक्रम संपन्न किए द्य कहीं रैलियां निकली, तो कहीं नुक्कड़ नाटक, तो कहीं स्कूल, कालेजों में नशाबंदी सेमिनार संपन्न हुए ।दैनिक प्रभात फेरी में भी नारों के माध्यम से नशा मुक्ति का सन्देश दिया गया। गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी ने बताया कि



प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गायत्री शक्तिपीठ साकेत नगर देवास के मार्गदर्शन एवं सामाजिक न्याय विभाग की उप संचालक संगीता राठौर व नशा मुक्ति आंदोलन प्रभारी डॉ. रूपसिंह नागर के नेतृत्व में बाल संस्कार शाला के नन्हे मुन्ने बच्चों एवं गायत्री परिवार की बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं द्वारा गायत्री शक्तिपीठ की आसपास की कॉलोनी में जोरदार नारों के साथ रैली संपन्न हुई ।नशा मुक्ति रैली में बच्चों के हाथ रैली गायत्री शक्तिपीठ से शुरू होती हुई गजरा गियर्स चौराहा, नूतन नगर, चामुंडा नगर, आदर्श नगर एवं साकेत नगर होती हुई पुन: गायत्री शक्तिपीठ पर सम्पन्न हुई द्य रैली में गायत्री शक्तिपीठ की देवकन्याएं और युग गायक डॉ. रूपसिंह नागर व दिनेश चौधरी द्वारा लगातार नशा बंदी गीतों ओर नारों की हुंकार भरी। गजरा गियर्स चौराहे पर मानव श्रृंखला बनाकर दिया नशा बंदी का दिव्य संदेश द्य प्रात: दैनिक प्रभात फेरी में भी नारों के माध्यम से नशा मुक्ति का सन्देश देकर गीत और नारे के माध्यम से लोगों को जागृत करने का प्रयास किया गया ।